श्याम का नारा ही होगा | by Rahul Sharma

जय श्री श्याम ....
जय श्री श्याम ....

बाबा तुम्हे आना होगा हारों को जिताना होगा
हारा जब जीतेगा तो देख नज़ारा क्या होगा
श्याम का नारा हो नारा श्याम का नारा , जय श्री श्याम
श्याम का नारा हो नारा श्याम का नारा ही होगा
कीर्तन रखवाया बाबा कीर्तन में आना होगा
हम सब भक्तों को मिलकर बाबा को रिझाना होगा
बाबा जब आ जायेगा देख नज़ारा क्या होगा
श्याम का नारा हो नारा श्याम का नारा , जय श्री श्याम
श्याम का नारा हो नारा श्याम का नारा ही होगा

बाबा बाबा रटते रटते हमने कई साल बिठाये हैं
तेरे दर्शन की आस लिए बड़ी दूर दूर से आये हैं
क्यों तड़पाते मेरे श्याम धणी तू आकर सबकी लाज बचा
जब मेरा श्याम पधारे हाथों को उठाना होगा
हाथों को उठाकर भक्तों जैकारा लगाना होगा
बाबा जब आ जायेगा देख नज़ारा क्या होगा
श्याम का नारा हो नारा श्याम का नारा , जय श्री श्याम
श्याम का नारा हो नारा श्याम का नारा ही होगा

अब देर करो ना श्याम धणी तुम्हे दुखड़े मिटाने आना है
हम भोले भाले भक्तों की तुम्हे लाज बचाने आना है
अब दया करो हम भक्तों पर हम भगत अधूरे तेरे बिना
भक्तों का दिल ये पुकारे बाबा हम तेरे सहारे
अब तो कीर्तन में आकर तेरी मोरछड़ी लहरा दे
जब मोरछड़ी लहराए देख नज़ारा क्या होगा
श्याम का नारा हो नारा श्याम का नारा , जय श्री श्याम
श्याम का नारा हो नारा श्याम का नारा ही होगा

बाबा तुम्हे आना होगा हारों को जिताना होगा
हारा जब जीतेगा तो देख नज़ारा क्या होगा
श्याम का नारा हो नारा श्याम का नारा , जय श्री श्याम
श्याम का नारा हो नारा श्याम का नारा ही होगा
कीर्तन रखवाया बाबा कीर्तन में आना होगा
हम सब भक्तों को मिलकर बाबा को रिझाना होगा
बाबा जब आ जायेगा देख नज़ारा क्या होगा
श्याम का नारा हो नारा श्याम का नारा , जय श्री श्याम
श्याम का नारा हो नारा श्याम का नारा ही होगा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a5%8b%e0%a4%97%e0%a4%be-by-rahul-sharma/